सत्यमेव जयते

फा सं. 3.13(6)/2021-सा.-I

**संघ लोक सेवा आयोग**

**धौलपुर हाउस, शाहजहां रोड**

**नई दिल्ली-110069**

दिनांक : 03.02.2022

**<u>ई-निविदा सूचना</u>**

**विषय : <u>संघ लोक सेवा आयोग कार्यालय में तौलिया, बेड शीट, तकिये के कवर, पर्दे, टेबल क्लॉथ आदि की धुलाई के लिए निविदा आमंत्रण सूचना (एन आई टी)।</u>**

संघ लोक सेवा आयोग कार्यालय में तौलिया, बेड शीट, तकिये के कवर, पर्दे, टेबल क्लॉथ, आदि की धुलाई के लिए दो बोली प्रणाली के तहत ऑन-लाइन बोली आमंत्रित की जाती हैं। निविदा आमंत्रण सूचना की विस्तृत निबंधन एवं शर्तें निविदा दस्तावेज में दी गई हैं। निविदा दस्तावेज को सं.लो.से.आ. की वेबसाइट www.upsc.gov.in और केन्द्रीय लोक प्रापण (सीपीपी) पोर्टल https://eprocure.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। नि.आ.सू. की समय सीमा क्रिटिकल डेट शीट में दी गई है जो निम्नानुसार है:-

| | |
|---|---|
| प्रकाशित किए जाने की तारीख | 03.02.2022 को 17:30 बजे |
| बोली दस्तावेज को डाउनलोड करने/ बिक्री प्रारंभ किये जाने की तारीख | 03.02.2022 को 17:30 बजे |
| बोली प्रस्तुतीकरण शुरू होने की तारीख | 03.02.2022 को 17:30 बजे |
| बोली प्रस्तुतीकरण की अंतिम तारीख | 24.02.2022 को 15.00 बजे |
| बोली खोलने की तारीख | 25.02.2022 को 15.00 बजे |

**2.** इच्छुक बोलीदाता निर्धारित प्रोफार्मा में दो बोली प्रणाली में http://eprocure.gov.in पर ऑन-लाइन निविदा जमा कर सकते हैं। निविदा केवल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल http://eprocure.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन मोड में जमा की जानी है। पात्रता मानदंड आदि के समर्थन में सभी दस्तावेजों को निविदा दस्तावेजों के साथ स्कैन करके अपलोड किया जाना है। ऑन-लाइन मोड के अलावा किसी अन्य माध्यम से भेजी गई निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। निर्धारित तिथि एवं समय की समाप्ति के बाद किसी भी परिस्थिति में कोई भी निविदा दस्तावेज स्वीकार नहीं किया जाएगा। बोली के संबंध में कोई भी स्पष्टीकरण दूरभाष सं. 011-23389035 पर कार्यालय समय में 4.00 बजे (अपराह्न) से 5.00 बजे (अपराह्न) के बीच प्राप्त किया जा सकता है।

**3.** निविदाकारों/ठेकेदारों को सलाह दी जाती है कि वे सीपीपी पोर्टल https://eprocure.gov.in/eprocure.gov.in के माध्यम से बोलियों के ई-प्रस्तुतीकरण के लिए ठेकेदार/निविदाकार को अनुदेश में दिए गए अनुदेशों का पालन करें।

**4.** ₹ 6,000/- (छह हजार रुपये मात्र) की मूल धरोहर जमा राशि (ईएमडी) सचिव, संघ लोक सेवा आयोग, नई दिल्ली के पक्ष में आहरित खाता देय डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक के रूप में अवर सचिव (सा.-I), संघ लोक सेवा आयोग, धौलपुर हाउस, नई दिल्ली को संबोधित एक सीलबंद लिफाफे में जिस पर विधिवत रूप से **"तौलिया, बेड शीट, तकिये का कवर, पर्दे, टेबल क्लॉथ, आदि की धुलाई के लिए नि.आ.सू."** लिखा हो, केवल 03.02.2022 से 24.02.2022 तक (3:00 बजे अपराह्न तक) की अवधि के भीतर संघ लोक सेवा आयोग, नई दिल्ली के गेट नंबर 3 (सुविधा केन्द्र) पर रखे गए टेंडर बॉक्स में डाला जाना चाहिए। यदि उपरोक्त तिथि और समय के दौरान मूल ईएमडी जमा नहीं की जाती है, तो बोलियों को सरसरी तौर पर खारिज कर दिया जाएगा। हालांकि, बैंक ड्राफ्ट (ईएमडी) की स्कैन की गई कॉपी को इलेक्ट्रॉनिक रूप से http://eprocure.gov.in पर अपलोड किया जाना अनिवार्य है। सफल बोलीदाता की ईएमडी सभी संविदात्मक दायित्वों को पूरा करने के बाद ही वापस की जाएगी। यथा उपरोक्त निर्धारित प्रपत्र में धरोहर जमा राशि की अपेक्षित राशि बोली के साथ नहीं होने पर बोलियों को सरसरी तौर पर खारिज कर दिया जाएगा।

**5.** बोलियां 25.02.2022 को अपराह्न 3.00 बजे ऑनलाइन खोली जाएंगी। निविदा मूल्यांकन समिति, बोलियों के मूल्यांकन के बाद, अपनी विशिष्ट सिफारिशें देगी जिन्हें अपलोड किया जाएगा और बोलीदाताओं द्वारा देखा जा सकता है।

**6.** संघ लोक सेवा आयोग के सक्षम प्राधिकारी के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी समय निविदा को रद्द करने या निविदा दस्तावेज़ में निहित निबंधनों और शर्तों में से किसी को भी संशोधित करने/वापस लेने का अधिकार सुरक्षित है।

(अनिल कुमार)
अवर सचिव (सा.- I)

**फा सं. 3.13(6)/2021-सा.-I**
**संघ लोक सेवा आयोग**
**धौलपुर हाउस, शाहजहां रोड**
**<u>नई दिल्ली - 110069</u>**

**विषय : <u>संघ लोक सेवा आयोग कार्यालय में तौलिया, बेड शीट, तकिये के कवर, पर्दे, टेबल क्लॉथ आदि की धुलाई के लिए निविदा आमंत्रण सूचना (एनआईटी)।</u>**

संघ लोक सेवा आयोग कार्यालय एक वर्ष के लिए तौलिए, चादर, तकिए के कवर, पर्दे, टेबल क्लॉथ आदि की धुलाई के लिए ऑन-लाइन बोलियां (दो बोली प्रणाली) आमंत्रित करता है। भावी/संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि प्रति माह विभिन्न प्रकार की धुलाई सामग्री की दर/राशि उद्धृत करें।

**<u>दो बोली प्रणाली</u>** :

2. बोलियां दो भागों में प्रस्तुत की जानी चाहिएं अर्थात् तकनीकी बोली और वित्तीय बोली। प्रस्तुत की जाने वाली बोली के सभी पृष्ठों को अपलोड करने से पहले दस्तावेजों की सामग्री की प्रकृति के निरपेक्ष बोलीदाता द्वारा हस्ताक्षरित और क्रमिक रूप से क्रमांकित किया जाना चाहिए।

**<u>भाग-I - तकनीकी बोली</u>**

3. तकनीकी बोली: बोलीदाता तकनीकी बोली को **अनुलग्नक-I (जांच सूची), अनुलग्नक-II और अनुलग्नक-III** में विधिवत भरकर और सभी तरह से पूर्ण रूप से अपलोड करेगा, जिसमें निम्न शामिल हैं:

(क) सचिव, संघ लोक सेवा आयोग, नई दिल्ली के पक्ष में आहरित अदाता खाता डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक के रूप में ₹ 6,000/- (रुपये छह हजार मात्र) की ईएमडी की स्कैन की गई प्रति।
(ख) निर्धारित प्रोफार्मा में विधिवत भरी हुई अपेक्षित जानकारी **(अनुलग्नक-II)**
(ग) निर्धारित प्रोफार्मा के अनुसार ब्लैकलिस्ट करने संबंधी प्रमाण पत्र **(अनुलग्नक-III)**
(घ) फर्म / कंपनी के पंजीकरण प्रमाण पत्र की एक प्रति
(ङ) फर्म/कंपनी के पैन नंबर की एक प्रति
(च) फर्म/कंपनी के जीएसटी नंबर की एक प्रति
(छ) प्रत्येक बोलीदाता को यह प्रमाणित करना होगा कि नि.आ.सू. के सभी निबंधन और शर्तें उसे स्वीकार्य हैं।

**<u>महत्वपूर्ण टिप्पणी</u>** : बोलीदाता कृपया ध्यान दें कि सभी दस्तावेज (मूल ईएमडी को छोड़कर) ऑन-लाइन जमा किए जाने हैं। ऑफ-लाइन जमा की गई बोलियों पर विचार नहीं किया जाएगा। ईएमडी की स्कैन कॉपी के अलावा; मूल ईएमडी सं.लो.से.आ., नई दिल्ली के गेट नं. 3 (सुविधा केन्द्र) में 03.02.2022 से 24.02.2022 तक (अपराहन 3:00 बजे तक) की अवधि के भीतर जमा की जाएगी।

**<u>भाग-II - वित्तीय बोली</u>**

4. दरें केवल वित्तीय बोली प्रस्तुत करने के लिए तैयार निर्धारित प्रारूप अर्थात् बीओक्यू (अनुबंध IV) में ही ऑनलाइन उद्धृत की जानी हैं। इकाई दर (जीएसटी सहित) को निर्धारित प्रारूप में अर्थात् मदवार दर प्रति वॉश/प्रति पीस/प्रति सेट प्रति पैनल के अनुसार उद्धृत किया जाना चाहिए भुगतान के मोड/अनुसूची में परिवर्तन संबंधी किसी भी अनुरोध पर किसी भी स्थिति में विचार नहीं किया जाएगा।

5. मूल्य केवल इस उद्देश्य के लिए तैयार की गई वित्तीय बोली अर्थात् केवल बीओक्यू ऑनलाइन मोड में प्रस्तुत किया जाना चाहिए। तकनीकी बोली में प्रस्तुत विवरण जैसे फर्म का नाम और मालिक का नाम, बीओक्यू आदि से संबंधित किसी भी प्रकार की विसंगति वाली वित्तीय/मूल्य बोली को सरसरी तौर पर खारिज कर दिया जाएगा। इसके अलावा, सशर्त मूल्य बोलियों को सरसरी तौर पर खारिज कर दिया जाएगा।

6. अंकगणितीय त्रुटियों को निम्नलिखित आधार पर सुधारा जाएगा। यदि इकाई मूल्य और कुल मूल्य के बीच कोई विसंगति है जो इकाई मूल्य और मात्रा को गुणा करके प्राप्त की जाती है, तो इकाई मूल्य मान्य होगा और कुल मूल्य को क्रेता द्वारा सुधारा जाएगा। यदि क्रेता त्रुटियों के सुधार को स्वीकार नहीं करता है, तो उसकी बोली अस्वीकार कर दी जाएगी।

7. **बोली का मूल्यांकन**

i) बोलियों का मूल्यांकन समग्र आधार पर किया जाएगा।

ii) यदि सभी मेदों के लिए सबसे कम समग्र दरों को उद्धृत करने वाला बोलीदाता एल-I फर्म नहीं है, तो उसे एल-I स्तर तक उन मदों वस्तुओं के संबंध में अपनी दरों को कम करना होगा जिनमें वह एल-I नहीं है।

iii) जो बोलीदाता, उपर्युक्त दोनों शर्तों को पूरा करते हैं उन्हें ही कार्य प्रदान किया जाएगा।

8. **सामान्य नियम और शर्तें**

i) वेंडर, कार्य दिवसों पर प्रतिदिन आएगा। यदि शनिवार/रविवार या अवकाश के दिन वेंडर की सेवा की आवश्यकता होती है, तो वे सेवा प्रदान करेंगे।

ii) धुलाई की दरें मदवार प्रति पीस/प्रति सेट/प्रति पैनल उद्धृत की जा सकती हैं। अनुबंध की अवधि के दौरान दरें स्थिर रहेंगी।

iii) इस कार्यालय से कपड़ा लेने से पहले, वेंडर को यह जांच लेना होगा कि उसमें यूपीएससी का चिह्न/निशान है या नहीं। कपड़ों की सुपुर्दगी के दौरान, इन कपड़ों को वेंडर द्वारा क्रॉस चेक किया जाए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि केवल यूपीएससी चिह्नित कपड़े ही वापस लाए जाएं।

iv) धुलाई कार्य संतोषजनक ढंग से पूरा होने और धुली हुई सामग्री अच्छी स्थिति में प्राप्त होने पर मासिक आधार पर भुगतान जारी किया जाएगा।

v) यदि महीने में किसी विशेष दिन असंतोषजनक कार्य निष्पादन देखा जाता है, तो यह कार्यालय द्वारा उस विशेष महीने में बिल राशि का 2% काट लिया जाएगा।

vi) यदि किसी विशेष महीने के दौरान एक दिन से अधिक और पांच दिनों तक असंतोषजनक कार्य निष्पादन देखा जाता है, तो कुल बिल राशि का 10% उस विशेष महीने के बिल से काट लिया जाएगा।

vii) हालांकि, यदि असंतोषजनक प्रदर्शन 5 दिनों से अधिक लेकिन महीने में10 दिनों से कम हो, तो सं.लो.से.आ. द्वारा उस विशेष महीने की बिल राशि का 50% काट लिया जाएगा। ऐसी स्थिति में इस कार्यालय के सक्षम प्राधिकारी के पास अनुबंध को समाप्त करने और ठेकेदार की कार्य निष्पादन सुरक्षा राशि को जब्त करने का अधिकार होगा।

viii) कपड़े के किसी भी नुकसान के लिए ठेकेदार जिम्मेदार होगा। वह कपड़े में किसी भी प्रकार की क्षति और उसके रंग आदि को खराब करने के लिए भी जिम्मेदार होगा। खोए/खराब हुए कपड़े की कीमत ठेकेदार से वसूल की जाएगी और इस संबंध में सक्षम प्राधिकारी का निर्णय अंतिम होगा।

ix) कीमतें, करों को छोड़कर एक वर्ष की अवधि के लिए वैध होंगी। हालांकि, वैधानिक दायित्व और करों/जीएसटी के संशोधन पर, ठेकेदार तदनुसार करों/जीएसटी में वृद्धि के लिए लिखित रूप में सं.लो.से.आ. के विचार और अनुमोदन के हेतु अनुरोध कर सकता है।

x) इस कार्यालय को ठेकेदार की सेवाएं संतोषजनक पाए जाने पर निविदा की समान निबंधन एवं शर्तों पर एक वर्ष या उसके भाग की अवधि के लिए उस सफल बोलीदाता की निविदा को आगे बढ़ाने का अधिकार होगा।

xi) सशर्त, अस्पष्ट और अधूरी बोलियों को सरसरी तौर पर खारिज कर दिया जाएगा।

xii) जिस फर्म ने पूर्व में सं.लो.से.आ. की बोलियों में भाग लिया था और यदि उनका कार्य निष्पादन संतोषजनक नहीं था और / या उसकी ईएमडी / कार्य निष्पादन सुरक्षा राशि को जब्त कर लिया गया है, तो वे बोली में भाग लेने के पात्र नहीं होंगे और उनकी बोली को सरसरी तौर पर खारिज कर दिया जाएगा।

xiii) फर्म को किसी भी सरकारी संगठन/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम आदि द्वारा ब्लैकलिस्ट नहीं किया गया हो।

xiv) सचिव, संघ लोक सेवा आयोग को बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बोलियों को अस्वीकार करने का अधिकार होगा।

10. **<u>कार्य निष्पादन सुरक्षा राशि</u>**

सफल बोलीदाता को आशय पत्र की तिथि से दस दिनों के भीतर कार्य निष्पादन सुरक्षा राशि के रूप में अनुबंध मूल्य का 10% सचिव, सं.लो.से.आ. के पक्ष में आहरित किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक से अदाता खाता बैंक ड्राफ्ट के रूप में या राष्ट्रीयकृत/वाणिज्यिक बैंक से बैंक गारंटी के रूप में प्रस्तुत करना होगा, जिसकी वैधता चौदह महीने अर्थात् पूर्ण संविदा अवधि से परे 60 दिनों की होगी, जिसे इस कार्यालय द्वारा अनुबंध के संतोषजनक समापन तक अनुरक्षित रखा जाएगा। तथापि, सफल बोलीदाता की ईएमडी कार्य निष्पादन सुरक्षा राशि प्राप्त होने के तुरंत बाद वापस कर दी जाएगी।

**(अनिल कुमार)**
**अवर सचिव (सामा.- I)**
**दूरभाष : 23382415**

**अनुबंध –IV**

**ई-निविदा फा. सं. 3.13.(6)/2021-सा-I**

**मूल्य बोली केवल ऑनलाइन भरा जाए**

| **क्र.सं.** | **मदें** | **मात्रा सं. में (मासिक धुलाई) (संभावित)** | **इकाई** | **प्रति धुलाई/ प्रति पीस/ प्रति सेट/ प्रति पैनल दर** | **धनराशि (ग+ङ)** |
|---|---|---|---|---|---|
| **(क)** | **(ख)** | **(ग)** | **(घ)** | **(ङ)** | **(च)** |
| 1. | तौलिये | 250 | प्रति पीस | | |
| 2. | टेबल क्लॉथ | 10 | प्रति पीस | | |
| 3. | पर्दे | 20 | प्रति पीस | | |
| 4. | बेड शीट (सिंगल बेड) | 150 | प्रति पीस | | |
| 5. | बेड कवर | 50 | प्रति पीस | | |
| 6. | तकिया कवर | 150 | प्रति पीस | | |
| 7. | कार के पर्दे | 10 | प्रति सेट | | |
| 8. | कार सीट कवर (लूज) | 10 | प्रति सेट | | |
| 9. | डस्टर | 20 | प्रति पीस | | |
| 10. | नेपकिन /हैंड टावल | 120 | प्रति पीस | | |
| 11. | एप्रन | 10 | प्रति पीस | | |
| 12. | दस्ताने | 5 | प्रति पीस | | |
| 13. | कम्बल कवर | 100 | प्रति पीस | | |
| | | | | कुल योग | |
| | | | | जीएसटी% | |
| | | | | जीएसटी सहित कुल राशि | |

**<u>टिप्पणीः</u>** जीएसटी दर / कोई अन्य सरकारी उगाहियां, यदि कोई हों, को अलग से उद्धृत किया जाना चाहिए, अन्यथा यह मान लिया जाएगा कि उद्धृत दर में वैट /बिक्री कर/सेवाकर/कोई अन्य सरकारी उगाहियां शामिल हैं।

प्रोपराइटर/मालिक का नाम एवं हस्ताक्षर

दिनांक सहित हस्ताक्षर____________________

**घोषणा**

मैं------------------------------------------------ प्रमाणित करता हूं कि मुझे निविदा आमंत्रण सूचना की सभी निबंधन एवं शर्तें स्वीकार्य हैं।

(नाम एवं दिनांक सहित हस्ताक्षर)

**<u>अनुबंध-I</u>**

**<u>ई-निविदा फा.सं. 3.13.(6)/2021-सा.-I</u>**

**विषय : <u>संघ लोक सेवा आयोग कार्यालय में तौलिया, टेबल क्लॉथ आदि की धुलाई के लिए निविदा आमंत्रण सूचना (एन आई टी)।</u>**

**<u>जांच सूची</u>**

**<u>(तकनीकी बोली का भाग)</u>**

| **क्र. सं.** | **ई-निविदा में अपलोड किए जाने वाले दस्तावेजों का विवरण** | **हां/ नहीं** | **पृष्ठ सं.** |
|---|---|---|---|
| 1 | ₹ **6,000/-** की धरोहर जमा राशि (ईएमडी) की स्कैन की गई प्रति | | |
| 2 | फर्म और घोषणा का विवरण - अनुबंध II | | |
| 3 | फर्म को देश में कहीं भी किसी भी सरकारी विभाग/उपक्रम/पीएसयू द्वारा ब्लैकलिस्ट नहीं किया गया है - अनुबंध III | | |
| 4 | फर्म के पंजीकरण की स्कैन की गई प्रति | | |
| 5 | फर्म के पैन नंबर की स्कैन की गई प्रति। | | |
| 6 | जीएसटी पंजीकरण संख्या की स्कैन की गई प्रति। | | |
| 7 | फर्म द्वारा प्रस्तुत की जा रही बोली के सभी पृष्ठों पर हस्ताक्षर और क्रमिक रूप से क्रमांकित किया गया है। | | |

हस्ताक्षर :

नाम :

सील :

**अनुबंध-II**

**ई-निविदा फा.सं. 3.13.(6)/2021-सा-I**

**संघ लोक सेवा आयोग कार्यालय में तौलिया, टेबल क्लॉथ, आदि की धुलाई के लिए बोली प्रस्तुत किए जाने हेतु प्रारूप।**

**(तकनीकी बोली के साथ प्रस्तुत किया जाए)**

1. फर्म का नाम और पता :

2. दूरभाष सं. : 1. कार्यालय :-
   2. आवास :-

3. कुछ जिम्मेदार व्यक्तियों के नाम, पता, दूरभाष नं., जिन्हें आवश्यकता पड़ने पर संपर्क किया जा सके :

4. जमा की गई धरोहर जमा राशि का ब्यौरा : (क) राशि: -रू. _______
   (ख) डीडी/पे ऑर्डर नं.

   (ग) बैंक जहां से आहरित किया जाना है :-

5. फर्म के मालिक का नाम, हस्ताक्षर और मोहर:

हस्ताक्षर :
नाम :
मोहर :

**घोषणा**

मैं______________________ प्रमाणित करता हूं कि नि.आ.सू. में उल्लिखित सभी नियम और शर्तें मुझे स्वीकार्य है।

(नाम और मोहर के साथ हस्ताक्षर)

**अनुबंध-III**

**ई-निविदा फा.सं. 3.13.(6)/2021-सा-I**

**प्रमाण-पत्र**

हम (फर्म का नाम) ____________________________________________,

पता __________________________________________________________

एतदद्वारा प्रमाणित करते हैं कि हमें पूर्व में देश में कहीं भी किसी भी सरकारी संगठन / उपक्रम / सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम द्वारा कभी भी ब्लैक लिस्ट नहीं किया गया है।

मालिक के हस्ताक्षर ______________________

नाम ________________________________

तारीख _________